आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00 बजे

संसद सत्र

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली दिसंबर से 19 दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सरकार एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा कर रही है जो लोकतंत्र को मजबूत करने सहित देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करे।

मुख्यमंत्री–दौरा

मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू कल मंडी जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नगवाईं के पनारसा में सरकारी डिग्री कॉलेज का उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद मंडी के पड्डल मैदान में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को आपदा राहत राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री का यहां एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

सुनील शर्मा बिटटू

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में खेलों का आधुनिक ढांचा विकसित करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रेरित करने की दिशा में कई सराहनीय कदम उठाए हैं। हमीरपुर के अणु में 14वीं राज्य स्तरीय मास्टर गेमस का शुभारंभ करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि इसी कड़ी में नादौन में लगभग 120 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को आवश्यक सभी सुविधायें प्रदान करने के लिए सरकार हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

रेणुका

महिला विश्व कप जीतने के बाद भारतीय टीम की तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर आज अपने पैतृक गांव रोहडू के पारसा पहुंचेगी। रेणुका के स्वागत के लिए परिजनों सहित ग्रामीण और प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। रेणुका सबसे पहले हाटकोटी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी । उसके बाद प्रशासन की ओर से एस.डी.एम. कार्यालय सभागार में रेणुका के सम्मान में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। दोपहर बाद रेणुका अपने गांव पारसा पहुंचेगी जहां ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया जायेगा।

रंगोत्सव

चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में आयोजित 3 दिवसीय राज्य स्तरीय कला व रंगोत्सव का कल समापन हो गया। इस अवसर पर पदम श्री ललिता वकील ने मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत

की। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि इस राज्य स्तरीय कला उत्सव में बच्चों व अध्यापकों ने सराहनीय कार्य किया है । उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी जिसमें चंबा की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 जिलों के करीब 4 सौ प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

शिमला कार्निवाल

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर सात दिवसीय विंटर कार्निवाल 25 से 31 दिंसबर तक आयोजित किया जायेगा। विंटर कार्निवाल को लेकर नगर निगम शिमला महापौर सुरेन्द्र चौहान की अध्यक्षता में कल एक बैठक कर आगामी तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि कार्निवाल में सांस्कृतिक संध्याओं के अलावा हिमाचली लोक संगीत नृत्य और हिमाचली परिधानों का फैंशन शो आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

सेब निर्यात

जनजातीय ज़िला किन्नौर का सेब अपनी खास मिठास और गुणवत्ता के लिए देशभर में मशहूर है। किन्नौर उद्यान विभाग के उप–निदेशक डॉ.भूपेन्द्र नेगी ने बताया कि इस वर्ष किन्नौर ज़िले के 3 ब्लॉक कल्पा, निचार ओर पूह से कुल 33 लाख 51 हजार 7 सौ 52 पेटियां देश की विभिन्न मंडियों में भेजी गइ है।